In the NEWS

Publication: **Samachar Jagat** l Region: **Jaipur** l Date: **11/06/2015** l Page No.: **09**

रिलांयस एजुकेशन प्लान पेश

नई दिल्ली। रिलायन्स कैपिटल लिमिटेड की सब्सिडरी रिलायन्स लाइफ इंश्योरेन्स कम्पनी ने नया चाइल्ड इन्श्योरेन्स प्लान 'रिलायन्स एजुकेशन प्लान' पेश किया है। रिलायन्स एजुकेशन प्लान एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टीसिपेटिंग चाईल्ड इन्श्योरेन्स प्लान है जो बच्चे की शिक्षा के लिए आवश्यक धनराशि का भुगतान करके उनके भविष्य को सुरक्षित करता है। इस प्लान के द्वारा अभिभावक अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए बचत कर सकते हें और उनके भविष्य के लिए एक आय को सुनिश्चित कर सकते हैं। बच्चे की पढ़ाई और उसके कैरियर की योजना बनाने के लिए उसके माता पिता को बहुत सी बचत करनी पड़ती है और बड़ी मात्रा में धनराशि खर्च करनी पड़ती है। हमने एक ऐसे उत्पाद की आवश्यकता महसूस की जो बच्चों के भविष्य की योजना बनाने में मददगार हो और साथ ही उन्हें अपने जीवन में सही कैरियर चुनने में भी मदद करे। रिलायन्स एजुकेशन प्लान बेहद व्यवस्थित रूप से बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करता है। रिलायन्स लाईफइन्श्योरेन्स में चीफ़एजेन्सी ऑफिसर मनोरंजन साहू ने बताया। रिलायन्स एजुकेशन प्लान चार मैच्योरिटी पेआउट विकल्प उपलब्ध कराता है जिसे बच्चे की शैक्षणिक ज़रूरतों के आधार पर चुना सकता है। पेआउट का भुगतान मैच्योरिटी पर एक-मुश्त राशि के रूप में किया जा सकता है- जिसके द्वारा बच्चे अपना कारोबार शुरू कर सकते हैं, अथवा पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए दो किश्तों में भी इसका भुगतान किया जा सकता है, पेशेवर डिग्री के मामले में चार किश्तों का विकल्प भी चुना जा सकता है।